nt>

Title: Need to lay a new railway line between Gajraula and Sambhal in Uttar Pradesh.- Laid.

प्रो. राम गोपाल यादव (सम्भल) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश का संभल नगर एक महत्वपूर्ण नगर है। यहां सबसे ज्यादा मेंथा की खेती होती है और यह मेंथा की एशिया की सबसे बड़ी मंडी है। इसके अलावा यह उत्कृट किस्म की दस्तकारी और कुटीर उद्योग से जुड़े हुए उत्पादों का अति महत्वपूर्ण केन्द्र भी है। यहां निर्मित अनेक किस्म के उत्पादों का निर्यात किया जाता है। लेकिन दुर्भाग्य से संभल रेल मार्ग से नहीं जुड़ा है। संभल और उसके आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि गजरौला से संभल, उत्तर प्रदेश तक शीघ्र ही रेल मार्ग निर्माण के लिए स्वीकृति दी जाये तथा इस हेतु अपेक्षित धनराशि की व्यवस्था की जाये।